>

Title: Need to check the import of expired and banned insecticides and weedicides in the country-laid.

**श्री हुक्मदेव नारायण यादव (मधुबनी):** कीटनाशक और खरपतवार नाशक विदेशी कंपनियों की दवाओं को भारत में आयात किया जा रहा है । इसमें कई कम्पनियाँ हैं जिनकी दवा की समय सीमा समाप्त हो चुकी है । दुनिया के कई देशों में उन दवाओं पर प्रतिबंध लगाया गया है और समय समाप्त वाली दवाओं के बेचने के कारण जुर्माना भी लगाया गया है । वही कंपनियाँ वहीं दवाएँ भारत में बेच रही है । कृषि मंत्रालय उन दवाओं की जांच प्रयोगशाला में करावें । इसका प र्यावरण पर बहुत बुरा असर पड़ा है । भारत के निर्माताओं और जन प्रतिनिधियों ने इसके लिए स्मरण पत्र दिया है और पत्र लिखे हैं । यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की गयी तो किसान तबाह हो जाएंगे ।